इसे वेबसाईट www.govtpressmp.nic.in
से भी डाउन लोड किया जा सकता है.


# मध्यप्रदेश राजपत्र

## ( असाधारण )

## प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 440]  भोपाल, बुधवार, दिनांक 10 नवम्बर 2021—कार्तिक 19, शक 1943


### वाणिज्यिक कर विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 10 नवम्बर 2021

क्र. एफ ए-3-42-2017-1-पाँच (75).—मध्यप्रदेश माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 (2017 का 19) की धारा 9 की उपधारा (3) और उपधारा (4), धारा 11 की उपधारा (1), धारा 15 की उपधारा (5) और धारा 148 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राज्य सरकार, इस बात से संतुष्ट होते हुए ऐसा करना जनहित में आवश्यक है, जीएसटी परिषद् की सिफारिशों के आधार पर, एतद्द्वारा, इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ ए 3-42-2017-1-पांच (53), भोपाल दिनांक 18 अक्टूबर 2017 में और आगे भी निम्नलिखित संशोधन करती है, अर्थात्:—

उक्त अधिसूचना में, सारणी में, —

(i) क्रमांक 1 के सामने, कॉलम (3) में, अंक और अक्षर "12कक" के बाद, शब्द, अंक और अक्षर "या 12कख" अन्त:स्थापित किया जाएगा;

(ii) क्रम संख्या 9कक के सामने, कॉलम (3) में, अंकों "2020" के बाद, "जब भी पुनर्निर्धारित हो", शब्दों को अन्त:स्थापित किया जाएगा;

(iii) क्रमांक 9कक और उससे संबंधित प्रविष्टियों के बाद, निम्नलिखित को अंत:स्थापित किया जाएगा, यथा:–

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
|---|---|---|---|---|
| "9कख | अध्याय 99 | भारत में आयोजित होने वाले ए.एफ.सी. महिला एशिया कप, 2022 के अंतर्गत किसी भी समारोह में प्रत्यक्षत: या अप्रत्यक्षत: एशियाई फुटबाल परिसंघ (ए.एफ.सी.) और उसकी सहायक इकाइयों के द्वारा या उनको प्रदान की जाने वाली सेवाएं। | शून्य | बशर्ते कि निदेशक (खेल), युवा मामले और खेल मंत्रालय प्रमाणित करें कि ये सेवाएं प्रत्यक्षत: या अप्रत्यक्षत: रूप से एएफसी महिला एशिया कप 2022 के तहत किसी भी आयोजन से संबंधित हैं; |

(iv) कॉलम (3) में क्रम संख्या 9घ और 13 के सामने, अंक और अक्षर "12कक" के बाद, शब्द, अंक और अक्षर ष्या 12कख" अन्त:स्थापित किया जाएगा;

(v) क्रमांक 19क और 19ख के सामने, कॉलम (5) में, अंक "2021" के स्थान पर, "2022" अंक प्रतिस्थापित किए जाएंगे;

(vi) क्रम संख्या 43 और उससे संबंधित प्रविष्टियों का लोप किया जाएगा;

(vii) क्रमांक 61 और उससे संबंधित प्रविष्टियों के बाद, निम्नलिखित को अंत:स्थापित किया जाएगा, यथा:–

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
|---|---|---|---|---|
| "61क | शीर्षक 9991 | संपूर्ण भारत/सन्निहित राज्यों में परिचालन के लिए माल ढुलाई के लिए राष्ट्रीय परमिट प्रदान करने के माध्यम से सेवाएं। | शून्य | शून्य"; |

(viii) क्रम संख्या 72 के समक्ष, कॉलम (3) में, शब्द "कुल व्यय" के पश्चात, अंक, प्रतीक और शब्द "का 75% या अधिक" का अन्त:स्थापित किया जाएगा;

(ix) क्रमांक 74क और 80 के सामने, कॉलम (3) में, अंक और अक्षर "12कक" के बाद, शब्द, अंक और अक्षर "या 12कख" अन्त:स्थापित किया जाएगा;

(x) क्रम संख्या 82क और उससे संबंधित प्रविष्टियों के बाद, निम्नलिखित को अन्त:स्थापित किया जाएगा, यथा: –

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
|---|---|---|---|---|
| "82ख | शीर्ष 9996 | एएफसी महिला एशिया कप 2022 के तहत आयोजित कार्यक्रमों में प्रवेश के अधिकार के माध्यम से सेवाएं | शून्य | शून्य"; |

2. यह अधिसूचना 01 अक्टूबर, 2021 से लागू होगी।

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,

**आर. पी. श्रीवास्तव,** उपसचिव.

भोपाल, दिनांक 10 नवम्बर 2021

क्र. एफ ए 3-42-2017-1-पांच (75).—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस आशय की अधिसूचना क्रमांक एफ ए 3-42-2017-1-पांच (75), दिनांक 10 नवम्बर 2021 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
**आर. पी. श्रीवास्तव,** उपसचिव.

Bhopal, the 10th November 2021

No.F A-3-42-2017-1-V(75).—In exercise of the powers conferred by sub-sections (3) and (4) of Section 9, sub-section (1) of Section 11, sub-section (5) of Section 15 and Section 148 of the Madhya Pradesh Goods and Services Tax Act, 2017 (19 of 2017), the State Government, on being satisfied that it is necessary in the public interest so to do, on the recommendations of the Council, hereby makes the following further amendments in this department's Notification No. F A-3-42-2017-1-V(53), dated the 30th June, 2017, namely:—

In the said notification, in the Table, -

(i) against serial number 1, in column (3), after the figures and letters "12AA", the word, figures and letters " or 12AB" shall be inserted;

(ii) against serial number 9AA, in column (3), after the words "hosted in India", the words "whenever rescheduled" shall be inserted;

(iii) after serial number 9AA and the entries relating thereto, the following shall be inserted, namely : -

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
|---|---|---|---|---|
| "9AB | Chapter 99 | Services provided by and to Asian Football Confederation (AFC) and its subsidiaries directly or indirectly related to any of the events under AFC Women's Asia Cup 2022 to be hosted in India. | Nil | Provided that Director (Sports), Ministry of Youth Affairs and Sports certifies that the services are directly or indirectly related to any of the events under AFC Women's Asia Cup 2022."; |

(iv) against serial numbers 9D and 13, in column (3), after the figures and letters "12AA", the word, figures and letters " or 12AB" shall be inserted;

(v) against serial numbers 19A and 19B, in column (5), for the figures "2021", the figures "2022" shall be substituted;

(vi) serial number 43 and the entries relating thereto shall be omitted;

(vii) after serial number 61 and the entries relating thereto, the following shall be inserted, namely:-

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
|---|---|---|---|---|
| "61A | Heading 9991 | Services by way of granting National Permit to a goods carriage to operate through-out India / contiguous States. | Nil | Nil"; |

(viii) against serial number 72, in column (3), after the words "for which", the figures, symbol and words "75% or more of the" shall be inserted;

(ix) against serial numbers 74A and 80, in column (3), after the figures and letters "12AA", word, figures and letters " or 12AB" shall be inserted;

(x) after serial number 82A and the entries relating thereto, the following shall be inserted, namely : -

| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
|---|---|---|---|---|
| "82B | Heading 9996 | Services by way of right to admission to the events organised under AFC Women's Asia Cup 2022 | Nil | Nil"; |

2. This notification shall come into force with effect from the 1st day of October, 2021.

By order and in the name of the Governor of Madhya Pradesh,
R. P. SHRIVASTAVA, Dy. Secy.

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2021.